भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1613

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2025

अल्पसंख्यकों का शैक्षिक विकास

1613. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अल्पसंख्यकों की शिक्षा के लिए, विशेषकर तमिलनाडु राज्य में, की गई नई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अल्पसंख्यकों के समुचित शैक्षिक विकास और उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं और रुकावटों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इनसे निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश में 6 अधिसूचित धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएँ लागू की हैं। निगरानी एवं मूल्यांकन के एक भाग के रूप में, मंत्रालय ने 2023 में, 1572 संस्थानों/लाभार्थियों का असंबद्ध पक्ष द्वारा वास्तविक सत्यापन कराया, जिनमें से 830 संस्थान या तो फर्जी/आंशिक रूप से फर्जी/गैर-संचालनशील पाए गए। मामले की सूचना केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को दे दी गई है। निवारक उपायों के एक भाग के रूप में, आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली और आधार आधारित प्रमाणीकरण को प्रमाणीकरण प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है।

*****